RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 219 | MONDAY 17-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



### गुस्ताखी माफ

जब पूरी होती नहीं, मन की कोई आस।
ऐसे में जाती निकल, भीतर भरी भड़ास।
भीतर भरी भड़ास, सभी ऐसा ही करते।
दिल में हो जब टीस, फूल फिर मुख से झरते।
कह साहिल कविराय, अभी उम्मीद अधूरी।
थम जायेंगे वार, आस जब होगी पूरी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# सरकारी साइकिल टेंडरों में बड़ी कंपनियों की 'प्राइस वॉर', कार्टेल और भ्रष्टाचार के सवाल भी तेज

**दिल्ली में 6,957 की एमटीबी के मुकाबले 4,100 की पेशकश ने बढ़ाई हलचल; तमिलनाडु सरकार ने टेंडर के लिए रखे 277 करोड़ , अगली खरीद पर टिकी इंडस्ट्री की नजर**

लुधियाना/नई दिल्ली/यूटर्न/16 अगस्त। देश के सरकारी साइकिल बाजार में बड़ी कंपनियों के बीच अब नई 'प्राइस वॉर' की जमीन तैयार होती दिखाई दे रही है। दिल्ली सरकार के करीब 1.30 लाख एमटीबी साइकिलों के टेंडर के बाद अब साइकिल उद्योग की नजर तमिलनाडु की प्रस्तावित बड़ी खरीद पर टिक गई है। तमिलनाडु की विजय सरकार ने वर्ष 2026-27 में विद्यार्थियों को साइकिल, हेलमेट और बोतल धारक उपलब्ध कराने के लिए करीब 277 करोड़ का प्रावधान किया है। उद्योग में चर्चा है कि तमिलनाडु सरकार भी दिल्ली जैसी खूबियों वाली फैंसी साइकिल एमटीबी मॉडल को प्राथमिकता देगी जिससे कीमतों को लेकर बड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। हालांकि टेंडर की अंतिम तकनीकी शर्तें और प्रति साइकिल सरकारी दर अभी सामने आना बाकी है।






## दिल्ली में 6,957 प्रति साइकिल की दर और बाजार से सामने आई करीब 4,100 की आपूर्ति पेशकश

दिल्ली टेंडर में माटा स्पोर्ट्स करीब 90.4 करोड़ की बोली के साथ सबसे कम बोलीदाता रही। हीरो इकोटेक की बोली करीब 109.2 करोड़ और एवन साइकिल्स की करीब 111.2 करोड़ बताई गई। जबकि अन्य ब्रांडेड कम्पनी एसके बाइक्स ने समान तकनीकी विशेषताओं वाली साइकिल करीब 4,100 में सप्लाई करने की ऑफर ने टेंडर प्रक्रिया पर सवाल खड़ा किया है कि सरकारी टेंडर में कीमतों में इतना बड़ा अंतर क्यों !

## कीमतों से उठा 'कार्टेल' का सवाल

साइकिल उद्योग के कुछ हलकों में चर्चा है कि बड़ी कंपनियों की बोलियां एक ही ऊंचे मूल्य दायरे में रहने और दूसरी ओर काफी कम कीमत की पेशकश सामने आने से आपसी कार्टेल की आशंका पैदा हो रही है जिसकी जांच होनी चाहिए। क्योकि ऐसा है तो सरकारी टेंडरों में बड़े स्कैम सामने आ सकता है । गौरतलब है की हर वर्ष सरकारी टेंडरों में करीब 40 लाख साईकिल सप्लाई होने से यह एक बड़ा बाजार बन चूका है

## भ्रष्टाचार और कमीशन की आशंका भी चर्चा में

कीमतों में बड़े अंतर ने सरकारी खरीद प्रक्रिया में अधिक मुनाफा, कमीशन अथवा भ्रष्टाचार की चचाएं हैं। उद्योग से जुड़े कुछ लोगों का तर्क है कि यदि समान स्तर की साइकिल हजारों रुपये कम कीमत में उपलब्ध हो सकती है तो इस अंतर का वास्तविक व्यावसायिक कारण सामने आना चाहिए। पहले भी कई बार टेंडरों में रिश्वतखोरी और भ्ष्टार्चार को लेकर चर्चे गर्म रही है लेकिन दिल्ली टेंडर में साईकिल कीमतों में ३००० रु प्रति साईकिल के अंतर्ने भ्ष्टार्चार का स्तर काफी बड़ा होने के संकेत हैं।

**तमिलनाडु बनेगा अगला बड़ा 'रेट टेस्ट'**...अब असली मुकाबला तमिलनाडु की खरीद में देखने को मिल सकता है। यदि वहां दिल्ली जैसी तकनीकी विशेषताओं वाली एमटीबी करीब 4,100 से 5,000 के बीच खरीदी जाती है तो दिल्ली टेंडर की दरों और बड़ी कंपनियों की मूल्य रणनीति पर सवाल और गहरे हो सकते हैं। विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा मिल सकता है। यही कारण है कि तमिलनाडु की अगली सरकारी खरीद अब केवल साइकिल टेंडर नहीं, बल्कि सरकारी बाजार में वास्तविक कीमत, बड़ी कंपनियों की प्रतिस्पर्धा, संभावित कार्टेल और भ्रष्टाचार से जुड़े सवालों का बड़ा 'रेट टेस्ट' बन सकती है।

# पंजाब पुलिस में मेगा फेरबदल: 12 IPS और 112 PPS अधिकारियों की बदली जिम्मेदारी, लुधियाना-अमृतसर-जालंधर में नई कमान

**अरविंद मीणा बने DCP लॉ एंड ऑर्डर लुधियाना, आलम विजय सिंह को DCP सिटी की जिम्मेदारी; प्रज्ञा जैन संभालेंगी ANTF लुधियाना रेंज, वरिष्ठ स्तर पर भी बड़े बदलाव**

चंडीगढ़/यूटर्न/16 अगस्त। पंजाब सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए एक ही दिन में 12 IPS और 112 PPS अधिकारियों सहित कुल 124 पुलिस अधिकारियों की पोस्टिंग और जिम्मेदारियों में बदलाव कर दिया है। गृह विभाग की ओर से जारी अलग-अलग आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। फेरबदल में स्पेशल DGP और ADGP स्तर से लेकर DIG, DCP, ADCP और रढ स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। लुधियाना, अमृतसर




और जालंधर पुलिस कमिश्नरेट के साथ प्रदेश के कई जिलों में पुलिस की कमान बदली गई है। वरिष्ठ IPS अधिकारियों में वी. नीरजा को स्पेशल DGP साइबर क्राइम से बदलकर स्पेशल DGP NRI, पंजाब नियुक्त किया गया है। वहीं राजेश कुमार जायसवाल को ADGP साइबर क्राइम लगाया गया है और उनके पास ADGP जेल का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। नानक सिंह को उक्क्रृ इंटरनल विजिलेंस सेल नियुक्त किया गया है, जबकि DIG रोपड़ रेंज का अतिरिक्त कार्यभार भी उनके पास रहेगा। वत्सला गुप्ता को AIG पर्सोनल-II पंजाब लगाया गया है।

## लुधियाना पुलिस में सबसे ज्यादा अहम बदलाव

लुधियाना पुलिस कमिश्नरेट में IPS और PPS दोनों स्तर पर कई महत्वपूर्ण पद बदले गए हैं। अरविंद मीणा, IPS को SP हेडक्वार्टर रोपड़ से ट्रांसफर कर DCP लॉ एंड ऑर्डर लुधियाना नियुक्त किया गया है। वहीं प्रज्ञा जैन, IPS को AIG ANTF लुधियाना रेंज लगाया गया है और उन्हें AIG इंटरनल सिक्योरिटी पंजाब, लुधियाना का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। धारावथ साई प्रकाश, IPS को ADCP-III लुधियाना का कार्यभार देखने के निर्देश दिए गए हैं। PPS अधिकारियों की सूची में परमजीत सिंह को DCP स्पेशल ब्रांच लुधियाना और आलम विजय सिंह को ऊढ सिटी लुधियाना नियुक्त किया गया है। गुरसेवक सिंह को DCP रूरल लुधियाना लगाया गया है, जबकि इस पद पर तैनात जसकीरनजीत सिंह को DCP सिटी अमृतसर भेज दिया गया है। DCP इन्वेस्टिगेशन लुधियाना रहे हरपाल सिंह को ऊढ इन्वेस्टिगेशन जालंधर नियुक्त किया गया है।

रुपिंदर कौर भट्टी को SP काउंटर इंटेलिजेंस लुधियाना से बदलकर ADCP इन्वेस्टिगेशन लुधियाना लगाया गया है। संदीप कुमार को ADCP ऑपरेशंस लुधियाना के साथ ADCP PBI लुधियाना का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है, जबकि सुखविंदर सिंहको ADCP ट्रैफिक लुधियाना नियुक्त किया गया है।

यूटर्न टाइम

# क्या ओला अगली बायजू (Byjuls) बनने की राह पर है?

लुधियाना/यूटर्न/16 अगस्त। इस बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन इस सवाल को नजरअंदाज करना मुश्किल होता जा रहा है क्योंकि कंपनी अपनी महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रिक व्हीकल ग्रोथ स्टोरी को लगातार मुनाफा कमाने वाले बिजनेस में बदलने के लिए संघर्ष कर रही है।ओला के हालिया आंकड़े मिली-जुली तस्वीर पेश करते हैं। जून तिमाही में उसका नेट लॉस घटकर 336 करोड़ रह गया, जो एक साल पहले 428 करोड़ था। लेकिन ऑपरेशन्स से होने वाली कमाई (रेवेन्यू) में साल-दर-साल 45% की गिरावट आई, जो बिक्री पर लगातार बने दबाव को दिखाता है।

ऐसी कंपनी के लिए जिसकी वैल्यूएशन और पब्लिक इमेज भारत के टू-व्हीलर मार्केट में तेजी से बदलाव लाने के आधार पर बनी थी, घटती कमाई शायद कम होते नुकसान से ज्यादा चिंता की बात है।

बायजू के साथ तुलना दोनों कंपनियों के एक जैसा होने के बारे में कम है और एक जाने-पहचाने सवाल के बारे में ज्यादा है: क्या होता है जब किसी स्टार्टअप की आकर्षक कहानी उसके असल आर्थिक आधार (इकोनॉमिक्स) से आगे निकल जाती है?

बायजू की जबरदस्त बढ़त के बाद भरोसे में गिरावट आई, क्योंकि उसकी वित्तीय समस्याओं, बढ़ते नुकसान और गवर्नेंस से जुड़े विवादों ने उसकी ग्रोथ स्टोरी को पीछे छोड़ दिया। ओला अभी उस स्थिति में नहीं है। बायजू के उलट, उसके पास मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी, टेक्नोलॉजी,




फिजिकल एसेट्स और बैटरी का एक ऐसा बिजनेस है जो भविष्य में बहुत कीमती साबित हो सकता है। यह ऐसे सेक्टर में भी काम करती है जिसे सरकारी पॉलिसी और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तरफ भारत के बड़े प्रयासों का समर्थन हासिल है।

ऐसे संकेत भी हैं कि ओला हालात सुधारने की कोशिश कर रही है। कंपनी का कहना है कि उसने ऑपरेटिंग खर्च कम किए हैं, ग्रॉस मार्जिन बेहतर किया है और कैश बर्न (नकद खर्च) में कटौती की है। उसके ऑटोमोटिव ग्रॉस मार्जिन में काफी सुधार हुआ है, साथ ही कंपनी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मार्केट में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। लेकिन वित्तीय स्थिति अभी भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। FY26 के लिए ओला का ऑपरेटिंग कैश फ्लो अभी भी नेगेटिव 775 करोड़ था, हालांकि यह FY25 में दर्ज नेगेटिव 2,391 करोड़ से काफी बेहतर था। उसका सबसे बड़ा दांव शायद उसका बैटरी बिजनेस है। ओला बैटरी-सेल मैन्युफैक्चरिंग में भारी निवेश कर रही है, ताकि सिर्फ.स्कूटर बनाने वाली कंपनी बने रहने के बजाय एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड एश बिजनेस खड़ा कर सके।

सरकार ने एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल ढछकस्कीम के तहत ओला की बैटरी-सेल मैन्युफैक्चरिंग की समय-सीमा में भी बदलाव किया है, जिससे कंपनी को 2031 तक 7,240 करोड़ तक का संभावित इंसेंटिव मिल सकता है।

यह एक बड़ा फायदा साबित हो सकता है — या फिर एक और महंगा दांव जो फायदा देने में सालों लगा देगा। स्टॉक मार्केट अभी भी शक में है। ओला के शेयरों पर भारी दबाव है क्योंकि इन्वेस्टर्स और एनालिस्ट्स ने बिक्री, मार्केट शेयर और कंपनी के मुनाफे में आने के रास्ते को लेकर चिंता जताई है।

इसलिए, सवाल यह नहीं है कि क्या ओला भी बायजूस (Byjuls) जैसी कंपनी बन गई है। ऐसा नहीं है। सवाल यह है कि क्या ओला यह साबित कर सकती है कि बेहतर मार्जिन, कम लागत और बैटरी से जुड़े उसके प्लान एक टिकाऊ बिजनेस बना रहे हैं — न कि सिर्फ.कंपनी को कुछ समय और चलाने का जुगाड़ कर रहे हैं। फिलहाल, ओला के पास समय, एसेट्स और एक बहुत बड़ा संभावित मार्केट है जो उसके पक्ष में है। लेकिन बायजूस से तुलना एक चेतावनी भी देती है। ओला अब उसी इम्तिहान की ओर बढ़ रही है।

## जीरकपुर बस स्टैंड पर नहीं फहराया तिरंगा, लोगों ने उठाए सवाल



जीरकपुर//यूटर्न/16 अगस्त। देशभर में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया, लेकिन जीरकपुर बस स्टैंड पर अलग ही तस्वीर देखने को मिली। यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए लाखों रुपये की लागत से लगाया गया फ्लैग पोल 15 अगस्त को भी खाली रहा और उस पर तिरंगा नहीं फहराया गया। बस स्टैंड से गुजरने वाले लोगों ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकारी राशि खर्च कर फ्लैग पोल लगाया गया है तो स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा क्यों नहीं फहराया गया। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर फ्लैग पोल लगाने का उद्देश्य ही राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा फहराना और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना है।

लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि 15 अगस्त को बस स्टैंड पर तिरंगा फहराने की व्यवस्था क्यों नहीं की गई। साथ ही भविष्य में राष्ट्रीय पर्वों पर यहां तिरंगा फहराना सुनिश्चित किया जाए।

# गवर्नर हाउस कूच से पहले मोहाली-चंडीगढ़ बॉर्डर बना टकराव का मैदान, लाठीचार्ज-आंसू गैस के बीच मची अफरा-तफरी

मोहाली/यूटर्न/16 अगस्त। बंदी सिख कैदियों की रिहाई की मांग को लेकर पंजाब गवर्नर हाउस की ओर कूच कर रहे कौमी इंसाफ मोर्चे के समर्थकों और पुलिस के बीच शनिवार को मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर जोरदार टकराव हो गया। बैरिकेड तोड़कर चंडीगढ़ की ओर बढ़ने की कोशिश के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। टकराव में कई प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिसकर्मियों के भी घायल होने की सूचना है। मोर्चे ने स्वतंत्रता दिवस पर पंजाब गवर्नर हाउस के घेराव का ऐलान किया था। इसे देखते हुए मोहाली और चंडीगढ़ पुलिस पहले से अलर्ट पर थी। बॉर्डर पर भारी बैरिकेडिंग के साथ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। जैसे ही प्रदर्शनकारियों का



जत्था चंडीगढ़ की ओर बढ़ा, पुलिस ने उन्हें सीमा पर रोक दिया। काफी देर तक प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की बढ़ी तो माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस ने बल प्रयोग किया। आंसू गैस और पानी की तेज बौछारों के बीच बॉर्डर पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रदर्शन के मद्देनजर पंजाब से चंडीगढ़ आने वाले प्रमुख रास्तों पर वाहनों की जांच की जा रही थी। संवेदनशील स्थानों और गवर्नर हाउस की ओर जाने वाले मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया। प्रशासन का प्रयास था कि बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एक साथ चंडीगढ़ में प्रवेश न कर सकें और स्वतंत्रता दिवस के दौरान कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो। प्रदर्शन को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भी जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता विवेक सिंगला ने बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के चंडीगढ़ पहुंचने से कानून-व्यवस्था, यातायात और आपातकालीन सेवाओं के प्रभावित होने की आशंका जताई थी।

# बार पार्क में पहली बार फहराया तिरंगा, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों का किया सम्मान

डेराबस्सी/यूटर्न/16 अगस्त। बार एसोसिएशन डेराबस्सी की ओर से स्वतंत्रता दिवस पहली बार उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डेराबस्सी अदालत परिसर स्थित बार पार्क में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विक्रमजीत सिंह दप्पर ने कहा कि डेराबस्सी अदालत में पहली बार तिरंगा फहराया जाना उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को हमेशा याद रखना चाहिए। इस दौरान एसोसिएशन के उपप्रधान राम कुमार धीमान,



सचिव इंद्रपाल सिंह खैहरी, कैशियर हरप्रीत सिंह सैनी और लाइब्रेरी इंचार्ज सुच्चा सिंह ने भी अपने विचार रखे।

समारोह में स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले परिवारों के सदस्यों एडवोकेट शिव शर्मा और एडवोकेट दिलबाग सिंह सराओ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एडवोकेट रवि वधवा ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देशभक्ति पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर एडवोकेट सुमित गोयल, सुरेश शर्मा, गुरजंट सिंह चौहान, राजेश सागर, जेबा परवीन, जगतार सिंह जनेतपुर, अमनजोत सौढ़ी, हिमांशु शर्मा, गुरमीत सिंह, कृष्ण गोपाल, अरुण गुप्ता, राजेश बैरागी, साहिल वालिया, विशाल गोयल और जगविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में बार सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की एकता, अखंडता और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।



पेज 06 श्री शिव पुराण कथा के सफल आयोजन पर....

# वेलवेट क्लार्क्स एक्सोटिका में देशभक्ति के तरानों की गूंज, उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस

जीरकपुर, यूटर्न/16 अगस्त। वेलवेट क्लार्क्स एक्सोटिका, जीरकपुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह की शुरूआत होटल के सीएमडी भाग सिंह सोही द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इस अवसर पर जनरल मैनेजर मनिंदरजीत सिंह सिबल सहित होटल टीम के करीब 100 सदस्य और मेहमान मौजूद रहे।



जनरल मैनेजर मनिंदरजीत सिंह सिबल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होटल परिसर को तिरंगे और देशभक्ति की थीम से सजाया गया था। ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग गया। उपस्थित लोगों ने ह्लभारत माता की जयह्व और ह्लवंदे मातरम्ह्व के नारे लगाकर उत्साह व्यक्त किया।

समारोह के दौरान होटल प्रबंधन, स्टाफ और मेहमानों ने देश की एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में चाय, कॉफी, कुकीज, पकौड़े और पारंपरिक लड्डुओं का वितरण भी किया गया। समारोह का समापन स्वतंत्रता सेनानियों और देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए किया गया। होटल प्रबंधन ने सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की एकता और गौरव को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

# चंडीगढ़ में शीतला माता की अनोखी पूजा: भक्तों ने मुंह में त्रिशूल की आर-पार, निकाली भव्य शोभायात्रा

चंडीगढ़, यूटर्न/16 अगस्त। चंडीगढ़ में रविवार को शीतला माता करुमारी अम्मन की पूजा के अवसर पर अनोखा धार्मिक आयोजन देखने को मिला। सुखना लेक की सीढ़ी नंबर तीन के समीप गोल्फ क्लब के सामने बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। पूजा-अर्चना के बाद यहां से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो ट्रांसपोर्ट चौक और सेक्टर-26 से होते हुए बापू धाम फेज-2 स्थित शीतला माता मंदिर पहुंची।





आयोजन के दौरान कई श्रद्धालुओं ने मन्नत पूरी होने पर धार्मिक परंपरा के तहत चेहरे से त्रिशूल आर-पार करवाया। वहीं कुछ भक्तों ने शरीर में कुंडे लगवाकर रथ खींचा। इस अनोखे धार्मिक अनुष्ठान को देखने के लिए भी आसपास बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

शोभायात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों और धार्मिक गीतों के बीच श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। आयोजकों के अनुसार यह पूजा दक्षिण भारत के मद्रासी समुदाय के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखती है। आयोजन में विभिन्न धर्मों और जातियों से जुड़े श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली और कार्यक्रम स्थल की ओर आने वाले वाहनों को बाहर ही रोक दिया।

# अमृतसर में पुलिस प्रतिष्ठान पर हमले की साजिश नाकाम

आर. के. उप्पल

अमृतसर/ यू टर्न /16 अगस्त! पंजाब पुलिस द्वारा अमृतसर ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठान को निशाना बनाने की कथित साजिश को नाकाम करते हुए 690 ग्राम वजन का एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) बरामद किया है। (IED) के साथ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, बैटरी, टाइमर और लोहे का बॉक्स भी बरामद हुआ। पंजाब के मुख्यमंत्री




भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर राज्य को सुरक्षित बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के बीच यह कार्रवाई सामने आई है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि बरामद विस्फोटक सामग्री को निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत संभाला गया और बम निरोधक दस्ते ने इसे सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया। डीजीपी ने कहा कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने राष्ट्रविरोधी तत्वों की एक साजिश को विफल कर संभावित खतरे को टाल दिया है। उन्होंने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और साजिश के पीछे शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अमृतसर ग्रामीण के एसएसपी कंवलप्रीत सिंह चहल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जिले में नाकाबंदी बढ़ाने के साथ सरकारी प्रतिष्ठानों की निगरानी भी तेज की गई थी।

# बीसीएम दुगरी में गूंजा देशभक्ति का जज्बा, विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां




लुधियाना/यूटर्न/16 अगस्त। बीसीएम स्कूल, दुगरी में स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों, प्रिंसिपल डॉ. वंदना शाही तथा मुख्य अतिथि आर्किटेक्ट संजय गोयल, चीफ आर्किटेक्ट, डिजाइनएक्स आर्किटेक्ट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई। तिरंगे के सम्मान में पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना से सराबोर नजर आया। समारोह में विद्यार्थियों ने भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को समर्पित देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर सैनिकों के साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा को नमन किया। विद्यार्थियों की कथक प्रस्तुति ने भारत की समृद्ध शास्त्रीय और सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश की। वहीं शिक्षकों की विशेष नृत्य प्रस्तुति ने स्वतंत्रता, एकता और देशप्रेम का संदेश दिया।

प्रिंसिपल डॉ. वंदना शाही ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता विशेषाधिकार के साथ एक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को एकता, ईमानदारी, करुणा और देशभक्ति के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गौरव और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के संकल्प के साथ हुआ।

# आयकर भवन में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



लुधियाना /यूटर्न/16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयकर विभाग की ओर से आयकर भवन, ऋषि नगर, लुधियाना में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आयकर विभाग के चीफ कमिश्नर सुकेश कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रगान के साथ देश की स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मुख्य अतिथि चीफ कमिश्नर श्री सुकेश कुमार जैन ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने दायित्वों को याद करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का भी अवसर है। प्रत्येक नागरिक को अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। समारोह के दौरान बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों और शानदार नृत्य की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं, आयकर विभाग के अधिकारियों एवं इंस्पेक्टरों ने भी देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए, जिससे समारोह का वातावरण पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया।

# सेवा, समर्पण और उपचार के लिए डॉ. आशीष अनेजा को मिला विराट सम्मान

## कुरुक्षेत्र से हरियाणा के एकमात्र चिकित्सक, 'फैलोशिप इन डायबिटीज एंड कार्डियो मेटाबोलिक प्रैक्टिस-2026' से सम्मानित'

परमिंदर सिंह
कुरुक्षेत्र/यूटर्न/16 अगस्त। आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और नि:स्वार्थ भाव से चिकित्सा सेवा करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के प्रशासक एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष अनेजा को प्रतिष्ठित 'फैलोशिप इन डायबिटीज एंड कार्डियो मेटाबोलिक प्रैक्टिस-2026' से सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया डायबिटीज एवं कार्डियो मेटाबोलिक एसोसिएशन के भव्य समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। विशेष बात यह रही कि इस फैलोशिप के लिए 'हरियाणा से डॉ. आशीष अनेजा एकमात्र चिकित्सक' चुने गए। डॉ. अनेजा की इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु ''प्रो. सोमनाथ सचदेवा'' ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें



बधाई दी। उन्होंने कहा कि आमजन की सेवा के प्रति डॉ. अनेजा का समर्पण और निरंतर प्रयास अनुकरणीय ह्रहै। डॉ. अनेजा को मधुमेह एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर उपचार एवं स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष रूप से सराहा गया। वे पिछले कई वर्षों में '1100 से अधिक स्वास्थ्य शिविर' आयोजित कर चुके हैं। इन शिविरों में जरूरतमंद लोगों को रक्त जांच, शुगर, अस्थि घनत्व, ईसीजी, श्वसन क्षमता, न्यूरोपैथी तथा कैंसर जैसी विभिन्न स्वास्थ्य जांच सुविधाएं विशेषज्ञ चिकित्सकों की सहायता से नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई।

### *डॉ. आशीष अनेजा को मिल चुके हैं कई सम्मान*

*डॉ. आशीष अनेजा को इससे पूर्व ''आरएसएसडीआई का 'बेस्ट डॉक्टर इन डायबिटीज केयर अवॉर्ड', जीएपीआईओ लीडरशिप अवॉर्ड, उन्नत भारत सर्वश्री हेल्थ रत्न अवॉर्ड तथा ''आइकॉनिक पर्सनैलिटी अवॉर्ड'' सहित कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वे मधुमेह एवं स्वास्थ्य संबंधी अनुसंधान कार्यों से भी जुड़े हुए हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें ''लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स'' में भी स्थान मिला है तथा वे 'फैलोशिप इन डायबिटीज' से भी सम्मानित हो चुके हैं।*

# आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर को जान से मारने की धमकी के मामले में बुद्धिजीवी वर्ग ने कराया, पंचायती समझौता

पानीपत/यूटर्न/16 अगस्त। सुप्रसिद्ध आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर को करीब 2 महीने पहले फोन पर जान से खत्म करने की धमकी देने के मामले में श्री तारा एनक्लेव कालोनी में प्रमुख समाज सेवी जगपाल सिंह जौरासी की अध्यक्षता में मौजिज व्यक्तियों की पंचायत हुई। पंचायत में कुरुक्षेत्र से आए स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज गीता मनीषी के निजी ड्राइवर सुरेश भसीन व अन्य अनुयायियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित रूप से माफी मांगी और भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न करने का आश्वासन दिया। इस पर पंचायत की समझाइश पर आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने भी आरोपी को माफ करते हुए आगे कोई कारवाई न करने का आश्वासन दिया। गौर तलब है कि गत 12 जून को कपूर ने सोशल मीडिया पर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज गीता मनीषी के बैक ग्राउंड हिस्ट्री पूछते हुए पोस्ट शेयर की तो



ज्ञानानंद जी महाराज के निजी ड्राइवर कुरुक्षेत्र वासी सुरेश भसीन ने कपूर को फोन पर जान से खत्म करने की धमकी दे दी थी। जिस कारण दोनों पक्षों में भारी तनाव बना हुआ था। लेकिन मौजिज व्यक्तियों की पंचायत के हस्तक्षेप पर यह विवाद बड़े ही सद्भावपूर्वक ढंग से समाप्त हो गया। पंचायत में प्रमुख समाज सेवी जगपाल जौरासी, पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक लेख राज खट्टर, सुरेश निरंकारी, ज्ञान तनेजा, स्वामी ज्ञानानंद महाराज के अनुयायियों विजय नरूला (कैथल), राजेंद्र चोपड़ा (कुरुक्षेत्र), विनोद कुमार (चंडीगढ़), राजन सपरा, डॉ रेखा सिंह (गुजरात), श्री तारा एनक्लेव सेवा समिति (आरडब्ल्यूए) प्रधान सुभाष रमन, अनाज मंडी पूर्व प्रधान चौ. महिपाल छोकर, राज कुमार छोकर, विजेंद्र धीमान, रोहित लाहोट, सुनील छोकर, सचिन अग्रवाल, कुलदीप देशवाल आदि शामिल हुए।

# भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

डेराबस्सी/यूटर्न/16 अगस्त। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर डेराबस्सी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू, रविंद्र वैष्णव और पवन धीमान पम्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया। मनप्रीत सिंह बन्नी संधू ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान राजनेता, कवि और देशभक्त थे, जिन्होंने देश के विकास और सुशासन को नई दिशा दी।



# बराड़ा में देशभक्ति के रंग में रंगा 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



अमरिंदर सिंह
अंबाला बराड़ा /यूटर्न/16 अगस्त। बराड़ा में उपमंडल स्तरीय 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। गौ सेवा आयोग के चेयरमैन राम चन्द्र कम्बोज ने मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश की आजादी उनके त्याग और बलिदान का परिणाम है। कम्बोज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, नवाचार और आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति और गरीब को विकसित भारत के चार प्रमुख स्तंभ बताते हुए हरियाणा सरकार की योजनाओं का उल्लेख किया। साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की।

समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने पीटी शो, देशभक्ति नृत्य, योग क्रियाएं, पंजाबी गिद्दा, हरियाणवी गीत और राष्ट्रगान की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सतीन्द्र सिवाच, तहसीलदार अंकित बैनीवाल, बीडीपीओ विशाल बाजवा, नगर पालिका सचिव रोहित सैनी, बीईओ जगदीश, प्रिंसिपल दलजीत कौर, कुलराज शर्मा, रीचा पाहवा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी में भाजपा, बूथ मजबूत करने का मंत्र



डेराबस्सी/यूटर्न/16 अगस्त। पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर देना शुरू कर दिया है। हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने डेराबस्सी में वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी के निवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। गुप्ता ने दावा किया कि भाजपा पंजाब में किसी दूसरे राजनीतिक दल के सहारे के बजाय अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरेगी और सरकार बनाएगी। उन्होंने हरियाणा का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पार्टी ने अपने बलबूते सरकार बनाई और पंजाब में भी कार्यकर्ताओं की मेहनत से बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी सफलता के लिए बूथ स्तर का संगठन सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए कार्यकर्ता अभी से लोगों के बीच अपनी सक्रियता बढ़ाएं और केंद्र सरकार की नीतियों व पार्टी के कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाएं। इस दौरान जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सैणी, मेजर परागपुर, पुष्पिंदर मेहता, सानंत भारद्वाज सहित क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।


पीएसआईईसी प्लॉट आवंटन मामले में....
पेज 12

# CAG: ₹54,282 करोड़ का मिसलीडा गायब, सरकार के पास जवाब भी 'पेंडिंग'

चंडीगढ़/यूटर्न/16 अगस्त। ऐसा अक्सर नहीं होता कि किसी सरकार से यह पूछा जाए कि हजारों करोड़ का पब्लिक मनी कहाँ गया, बिना इस सवाल का मतलब निकाले कि पैसा गायब हो गया। लेकिन कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल की लेटेस्ट रिपोर्ट ने ठीक यही किया है — और केंद्र ने अब तक उठाए गए सवालों पर कोई डिटेल्ड पब्लिक जवाब नहीं दिया है।

CAG ने 31 मार्च, 2025 तक 15 केंद्रीय मंत्रालयों और डिपार्टमेंट्स में ₹54,282.32 करोड़ के 33,973 पेंडिंग यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट्स को फ़्लैग किया है। यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट का मतलब यह साबित करना होता है कि सरकार द्वारा जारी किया गया पैसा असल में उसी मकसद के लिए इस्तेमाल किया गया था जिसके लिए इसे मंजूर किया गया था।

इसका मतलब यह नहीं है कि ₹54,282 करोड़ चोरी हो गए हैं। न ही उअत्रृरिपोर्ट ऐसा कोई दावा करती है। लेकिन इसका मतलब यह है कि पैसे का इस्तेमाल कैसे किया गया, यह पता लगाने के लिए जरूरी तय पेपरवर्क गायब है। और यह कोई छोटी अकाउंटिंग डिटेल नहीं है, जब इसमें शामिल पैसा टैक्सपेयर्स का है। यह समस्या पूरी तरह से हाल की भी नहीं है। 33,973 बकाया सर्टिफिकेट में से 13,926 2021-22 और 2023-24 के बीच के तीन फाइनेंशियल ईयर के ग्रांट से जुड़े हैं, जिनमें ₹38,287.52 करोड़ शामिल हैं। लेकिन कुछ पेंडिंग सर्टिफिकेट




1985-86 के हैं।

CAG का कहना है कि उन्हें न देना इन नियमों का उल्लंघन है।

हाउसिंग और एजुकेशन में ज्यादातर पैसा है। ऑडिट में दो डिपार्टमेंट खास तौर पर सामने आए हैं। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के पास लगभग ₹18,273 करोड़ के यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट बकाया हैं, जबकि डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन के पास और ₹14,360 करोड़ हैं।

ये सरकारी खर्च के अनजान हिस्से नहीं हैं। हाउसिंग और एजुकेशन में ऐसे प्रोग्राम शामिल हैं जो लाखों नागरिकों पर असर डालते हैं और काफी पब्लिक रिसोर्स इस्तेमाल करते हैं। CAG ने ₹12,754 करोड़ से ज्यादा के गलत क्लासिफाइड फंड को भी फ़्लैग किया है, जबकि लेवी में ₹9,222 करोड़ तय टाइमलाइन के अंदर तय रिजर्व फंड में ट्रांसफर नहीं किए गए।

कुल मिलाकर, ये नतीजे सरकार की फाइनेंशियल रिपोर्टिंग की क्वालिटी पर एक बड़ा सवाल उठाते हैं। असली मुद्दा सर्टिफि केट का गायब होना है। यहाँ एक जरूरी फर्क है। यूटिलाइजेशन सर्टिफि केट का गायब होना धोखाधड़ी का सबूत नहीं है। हो सकता है कि पैसा ठीक से खर्च किया गया हो, लेकिन डॉक्युमेंटेशन जमा नहीं किया गया हो, उनका मिलान नहीं किया गया हो या जरूरत के हिसाब से रिकॉर्ड नहीं किया गया हो। अगर उस चेन की आखिरी कड़ी गायब है, तो पार्लियामेंट झ्र और आखिरकार टैक्सपेयर झ्र से सरकार की बात मानने के लिए कहा जा रहा है।

इसे एडमिनिस्ट्रेटिव तरीके से समझाया जा सकता है। यह अकाउंटेबिलिटी का आइडियल सिस्टम नहीं है। और सरकार के पास इससे बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। केंद्र को यहाँ कोई पॉलिटिकल बहस जीतने की जरूरत नहीं है। उसे ऑडिट का जवाब देना होगा।

- ₹54,282 करोड़ में से कितने का हिसाब-किताब हो गया है?
- किन मंत्रालयों ने अपने पेंडिंग सर्टिफिकेट क्लियर कर दिए हैं?
- दशकों पुराने ग्रांट के सर्टिफिकेट क्यों पेंडिंग रह गए?
- ₹12,754 करोड़ के फंड को गलत तरीके से क्लासिफाई क्यों किया गया?
- और लेवी के ₹9,222 करोड़ समय पर तय फंड में ट्रांसफर क्यों नहीं किए गए?

## जगरांव में स्वतंत्रता दिवस पर चमकी सिविल अस्पताल की टीम



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/15/अगस्त। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल ऑफ एमिनेंस (लड़के) में आयोजित भव्य समारोह में विद्यायिक डिप्टी कमिश्नर मंजीत सिंह चीमा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जगरांव सिविल अस्पताल की समर्पित टीम को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सीनियर फामेर्सी अफसर बलजिंदर सिंह (हैपी) सहित डॉ. संगीना गर्ग, डॉ. अमनप्रीत सिंह, डॉ. गुरसिमरन सिंह, डॉ. सुखविंदर सिंह और डॉ. नवदीप कौर शामिल रहे। अञ्ळ मंजीत सिंह चीमा ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य और शिक्षा को समाज की असली ताकत बताते हुए कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों के देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया और अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## रक्तदान का कोई विकल्प नहीं, जरूरतमंद की जान बचाने का सबसे बड़ा माध्यमः श्रुति चौधरी

पंचकूला, /यूटर्न/16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेक्टर-20 स्थित सनसिटी सोसायटी में अरविनकेयर फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने किया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। फाउंडेशन के संस्थापक अतुल गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि वे अपने भाई की स्मृति में हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित करते है.

# सुखबीर बादल को नांदेड़ हमले के बाद 150 टांके लगाने पड़ेः हरसिमरत बादल

चंडीगढ़/यूटर्न/16 अगस्त। सुखबीर बादल को 150 टांके लगाने पड़े; चोट इतनी गंभीर थी कि अगर खून ज्यादा बहता तो स्थिति और भी खराब हो सकती थी। लोकसभा सांसद और शिरोमणि अकाली दल (रअऊ) की वरिष्ठ नेता हरसिमरत कौर बादल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को औपचारिक रूप से पत्र लिखकर रअऊ अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हाल ही में हुए हिंसक हमले की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (ठक्अ) से जांच कराने की मांग की है।

पंजाब में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, भावुक हरसिमरत कौर बादल ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुद्वारा माता साहिब देवन जी में हुए हमले की गंभीरता के बारे में अहम जानकारी दी। घटना के दौरान इस्तेमाल किए गए कथित हथियार की तस्वीरें दिखाते हुए, बठिंडा की सांसद ने बताया कि उनके पति को गंभीर चोटें आईं, जिसके लिए लगभग 150 टांके लगाने पड़े और उनके दाहिने हाथ की क्षतिग्रस्त अल्नर नर्व (ulnar nerve) और



टेंडन को ठीक करने के लिए 90 मिनट की जटिल सर्जरी करनी पड़ी।

यह घटना तब हुई जब सुखबीर सिंह बादल नांदेड़ में गुरुद्वारों के दौरे पर थे। जसपाल सिंह नाम के एक व्यक्ति — जो 62 साल का था और निहंग की वेशभूषा में एक सेवादार था — ने कृपाण (पारंपरिक धारदार हथियार) से उन पर हमला किया।

SAD प्रमुख को बचाने के लिए स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट के पुलिसकर्मी बीच में आए; इस दौरान एक इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी को भी चोटें आईं, जिसके बाद हमलावर को काबू में करके हिरासत में ले लिया गया।

गृह मंत्रालय को भेजे अपने पत्र में, हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि यह हमला कोई अलग-थलग घटना नहीं थी, बल्कि एक सुनियोजित हत्या की साजिश का हिस्सा थी, जिसका मकसद क्षेत्रीय राजनीतिक नेतृत्व और गहरे पैठ रखने वाले पंथिक संस्थानों को अस्थिर करना था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नांदेड़ में हुआ हमला अमृतसर में गोल्डन टेम्पल कॉम्प्लेक्स के बाहर सुखबीर बादल की जान लेने की पिछली कोशिश से काफी मिलता-जुलता है, जिससे देश-विरोधी तत्वों और सीमा पार के हैंडलर्स की संभावित संलिप्तता का संकेत मिलता है। महाराष्ट्र पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (इठर) की संबंधित धाराओं—जिनमें हत्या की कोशिश भी शामिल है—के तहत मामला दर्ज किया है और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य-स्तर पर विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। इसके बावजूद, अकाली दल का कहना है कि स्थानीय राज्य एजेंसियों के पास वे व्यापक अधिकार नहीं हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के कनेक्शन का पता लगाने के लिए जरूरी हैं। पार्टी ने सीधे केंद्रीय गृह मंत्री से अपील करते हुए केंद्रीय खुफिया और आतंकवाद-रोधी एजेंसियों से तुरंत जांच अपने हाथ में लेने का आग्रह किया है। उनका मकसद उस साज़िश के मास्टरमाइंड का पर्दाफाश करना है, जिसे वे पंजाब की राजनीतिक स्थिरता के खिलाफ एक सोची-समझी कार्रवाई मानते हैं।

यूटर्न टाइम

## एसडीएम अमित गुप्ता ने फहराया तिरंगा, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा रहे मौजूद



# श्री शिव पुराण कथा के सफल आयोजन पर एस.एस. खुराना ने श्रद्धालुओं का जताया आभार

लुधियाना। सिविल लाइंस स्थित श्री दंडी स्वामी तपोवन तपोभूमि आश्रम में अंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्री शिव पुराण कथा का भक्तिभाव के साथ समापन हुआ। हरिद्वार से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री हरिकृष्ण जी महाराज ने सातों दिनों तक भगवान शिव की महिमा, शिव पुराण के आध्यात्मिक महत्व और भगवान शिव की भक्ति से जुड़े प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया।कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति



डालकर परिवार और समाज की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर एस.एस. खुराना ने कहा कि भगवान शिव की कृपा और सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से श्री शिव पुराण कथा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि धार्मिक कथाएं हमें अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने के साथ-साथ समाज में सेवा, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने कथा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और सेवा करने वाले सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### क्या स्कूल फीस के अलावा अलग-अलग ChOrges भी ले सकता है?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

बच्चे के स्कूल में दाखिले के समय माता-पिता को अक्सर Tuition Fee के अलावा कई तरह के Charges बताए जाते हैं—जैसे Annual Fee, Development Fee, Admission Fee, Activity Fee, Smart Class Fee या अन्य खर्च। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या स्कूल अपनी मर्जी से कोई भी Charge ले सकता है? इसका जवाब है—नहीं, स्कूल पर भी नियम लागू होते हैं। स्कूल किस प्रकार की फीस ले सकता है, यह स्कूल के प्रकार, संबंधित शिक्षा बोर्ड और राज्य के नियमों पर निर्भर करता है। Private School, Government School और Aided School के लिए नियम अलग हो सकते हैं। माता-पिता को स्कूल से फीस का पूरा और लिखित विवरण मांगने का अधिकार होना चाहिए, ताकि यह स्पष्ट रहे कि किस नाम पर कितनी राशि ली जा रही है। यदि स्कूल हर साल अलग नाम से नए Charges जोड़ता है, लेकिन उसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी या आधार नहीं बताता, तो माता-पिता स्कूल Management से लिखित स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि स्कूल द्वारा बच्चों या अभिभावकों पर किसी विशेष दुकान से Uniform, Books या अन्य सामान खरीदने का दबाव डालने के संबंध में भी अलग-अलग नियम लागू हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में संबंधित Education Department या Board के नियम देखना जरूरी होता है। यदि फीस को लेकर विवाद हो जाए, तो केवल मौखिक बातचीत पर निर्भर न रहें। School Circular, Fee Structure, Receipt और स्कूल के साथ हुई Email या WhatsApp बातचीत सुरक्षित रखें। किसी भी शिकायत से पहले यह देखना जरूरी है कि आपका स्कूल किस Board के अंतर्गत आता है और उस राज्य में Private Schools के लिए कौन-से नियम लागू हैं।

निष्कर्ष : स्कूल फीस के नाम पर कोई भी राशि मनमाने तरीके से नहीं ले सकता। Fee Structure और लागू नियमों की जानकारी रखना माता-पिता के लिए जरूरी है। यदि किसी Charge को लेकर संदेह हो, तो स्कूल से उसका लिखित विवरण मांगें और जरूरत पड़ने पर संबंधित Education Authority से शिकायत करें।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

# नाग पंचमी

नाग पंचमी हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन नाग देवता की पूजा की जाती है। भारतीय संस्कृति में साँपों को प्रकृति और पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि नाग देवता की पूजा करने से परिवार पर उनकी कृपा बनी रहती है और सुख-समृद्धि आती है। नाग पंचमी के दिन लोग घरों में नाग देवता की तस्वीर या प्रतिमा बनाकर उनकी पूजा करते हैं। दूध, फूल, फल और मिठाई अर्पित की जाती है। कई स्थानों पर मंदिरों में विशेष पूजा और मेले भी आयोजित किए जाते हैं। इस दिन भगवान शिव की पूजा का भी विशेष महत्व माना जाता है, क्योंकि शिवजी के गले में नाग विराजमान रहते हैं। नाग पंचमी केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान का संदेश भी देती है। साँप खेतों में चूहों और अन्य हानिकारक जीवों की संख्या नियंत्रित करके किसानों की सहायता करते हैं। इसलिए हमें उनके प्रति दया और संरक्षण की भावना रखनी चाहिए। यह पर्व हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर रहने और सभी जीवों का सम्मान करने की प्रेरणा देता है।

# श्री राम शरणम में गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ, संत अश्वनी बेदी ने बताया गीता का महत्व














लुधियाना, /यूटर्न/16/अगस्त। श्री राम शरणम, श्री राम पार्क में रविवार को गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ संत अश्वनी बेदी जी के सानिध्य में हुआ। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने गीता को सनातन ज्ञान के खजाने में अमूल्य चिंतामणि रत्न बताया है। यह ग्रंथ ज्ञान, कर्म और भक्ति के समन्वय के साथ मनुष्य को सत्य, कर्तव्य और ईश्वर भक्ति का मार्ग दिखाता है। संत अश्वनी बेदी ने कहा कि गीता जीवन में आशावाद और सकारात्मकता जगाती है तथा निस्वार्थ भाव से कर्म करने की प्रेरणा देती है। इसे आत्म-ज्ञान की पवित्र गंगा कहा गया है, जो मनुष्य के विकारों और त्रुटियों को दूर करने का मार्ग बताती है। उन्होंने कहा कि गीता का पाठ, श्रवण और उसका प्रचार भी ज्ञान-यज्ञ है। गीता जी के पाठ प्रतिदिन प्रातः 7 बजे होंगे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। सभा में मारिखा बेदी, आशिमा बेदी और संयम भल्ला ने भजन प्रस्तुत किए। रमणीक बेदी, सुदर्शन जैन,



रामेश्वर गुप्ता, राज गुप्ता, पल्लवी धवन, शत्रुघ्न नंदा, वरिंदर जैन, आशु जैन सहित अनेक साधक उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों और समाजसेवियों को सम्मान


चरणजीत सिंह चन्न

लुधियाना/जगरांव, 16 अगस्त। स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई गणमान्य व्यक्तियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। लुधियाना में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने जगरांव के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (रटड) डॉ. अमन शर्मा, समाजसेवी गोल्डी सभरवाल तथा असीस फाउंडेशन के सोनू भारद्वाज सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को सम्मान प्रदान किया।



डॉ. अमन शर्मा को स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी निष्ठा, त्वरित कार्यशैली और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, डॉक्टरों, पैरा-मेडिकल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी। डॉ. शर्मा ने कहा कि चिकित्सा सेवा उनके लिए केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनता के प्रति नैतिक जिम्मेदारी है और वह भविष्य में भी पूरी निष्ठा से सेवाएं जारी रखेंगे। वहीं, महिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में दीपक अस्पताल की सीनियर कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. अर्चना गुप्ता (टऊ ऋ्ट्रल्ली) भी महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए जागरूक कर रही हैं। उनका कहना है कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# एडवोकेट सिद्धू की अगुवाई में आजादी का जश्न, दिग्गज हस्तियों को मिला सम्मान

## धीमान, देबी, बलिएवाल और पूर्व क्ष्अर छतवाल समेत कई गणमान्य सम्मानित





लुधियाना, यूटर्न/16 अगस्त। भाजपा नेता एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू की अगुवाई में वेस्ट विधानसभा क्षेत्र में 80वां स्वतंत्रता दिवस श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। फिरोजपुर रोड स्थित होटल ली-बैरन में आयोजित समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया, जबकि समाज और राष्ट्र सेवा में योगदान देने वाली कई हस्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह में पंजाब भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव रजनीश धीमान, प्रदेश कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी और सह प्रवक्ता प्रितपाल सिंह बलिएवाल सहित कई पदाधिकारी विशेष रूप से पहुंचे। राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले महान योद्धाओं को याद करने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को दोहराने का दिन है। उन्होंने पंजाब के विकास के लिए भाजपा को मजबूत विकल्प बताया। समारोह में पूर्व क्ष्अर एमएस छतवाल, पूर्व ढ्उर जोगिंदर सिंह, स्वामी आनंद अत्री, डॉ. निर्मल नैयर, नवल जैन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं।

# ब्लेसिंग लक्सुरिया में शान से लहराया तिरंगा, राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

लुधियाना/यूटर्न/16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वेस्टर्न लिविंग की प्रतिष्ठित वाणिज्यिक परियोजना ब्लेसिंग लक्सुरिया के परियोजना कार्यालय में देशभक्ति और उत्साह के साथ ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हिमांशु क्वात्रा, अधिकारियों, टीम सदस्यों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया।




समारोह के दौरान परियोजना स्थल पर कार्यरत श्रमिकों और कर्मचारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशियां साझा करते हुए लड्डू वितरित किए गए। हिमांशु क्वात्रा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर भी है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, नियमों का पालन करने और ईमानदारी से समय पर कर जमा करने का आह्वान किया। क्वात्रा ने कहा कि अचल संपत्ति क्षेत्र रोजगार सृजन, निवेश, आधारभूत ढांचे और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। ब्लेसिंग लक्सुरिया का उद्देश्य केवल वाणिज्यिक परियोजना तैयार करना नहीं, बल्कि लुधियाना और पंजाब की आधुनिक पहचान को मजबूती देना है।

# ग्रीन एनक्लेव हैबोवाल में हर्षोल्लास से मनाई हरियाली तीज



लुधियाना/यूटर्न/16 अगस्त। ग्रीन एनक्लेव, हैबोवाल में हरियाली तीज का त्योहार बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पारंपरिक तरीके से तीज का आनंद लिया। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती पूजा बेदी, आयुषी बहल, सानिया जैन, हरप्रीत कौर, वंदना मलिक, जिया मलिक, अनीता गोयल, श्रीमती शिव और सपना सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते हुए अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के साथ आपसी भाईचारे और प्रेम को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं।

# कादियान-ब्यास रेल लाइनः सिर्फ कनेक्टिविटी से कहीं ज्यादा

केंद्र सरकार ने 39.68 किलोमीटर लंबी कादियान-ब्यास रेलवे लाइन के लिए ₹1,419 करोड़ मंजूर किए हैं, जो पंजाब के लिए अच्छी खबर है—लेकिन इसे बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) के असल मकसद के बड़े नजरिए से भी देखा जाना चाहिए। रेलवे लाइन सिर्फ जमीन पर बिछाई गई स्टील की पटरियां नहीं होतीं; माझा जैसे इलाके में, यह पूरे कस्बों और गांवों की आर्थिक तस्वीर बदल सकती है। सालों से, कादियान और प्रस्तावित रूट पर पड़ने वाली कई बस्तियां बड़े रेलवे नेटवर्क के पास होने के बावजूद उनसे ठीक से न जुड़ पाने की अजीब मुश्किल का सामना कर रही हैं। नई लाइन, जो ब्यास पहुंचने से पहले घुमन, बुटाला और साथियाला जैसी जगहों से गुजरेगी, इस असंतुलन को ठीक कर सकती है। हालांकि, असली परीक्षा तो घोषणा के बाद शुरू होगी। पंजाब में ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की कमी नहीं है जो कागज पर तो शानदार लगते हैं, लेकिन देरी, लागत बढ़ने और खराब काम की वजह से बेहद साधारण साबित होते हैं। कादियान-ब्यास लाइन को ऐसा कोई और वादा नहीं बनना चाहिए जिसका राजनीतिक फायदा तो लोगों को आर्थिक फायदा मिलने से बहुत पहले ही मिल जाए। इस प्रोजेक्ट का महत्व यात्रियों की सुविधा से कहीं ज्यादा है। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से ट्रांसपोर्ट का खर्च कम हो सकता है, किसानों की बाजार तक पहुंच बेहतर हो सकती है, सामान की आवाजाही आसान हो सकती है और छोटे कस्बों को निवेश आकर्षित करने का बेहतर मौका मिल सकता है। ब्यास पहले से ही एक अहम रेलवे जंक्शन और कमर्शियल सेंटर है; कादियान और बीच में पड़ने वाली बस्तियों को इससे जोड़ने पर माझा इलाके में एक नया आर्थिक कॉरिडोर बन सकता है। इसका एक टूरिज्म (पर्यटन) वाला पहलू भी है। माझा का धार्मिक और ऐतिहासिक माहौल पर्यटकों को आकर्षित करता है, लेकिन कनेक्टिविटी ही अक्सर यह तय करती है कि टूरिज्म स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए एक इंजन बनेगा या बस गुजरते हुए ट्रैफिक तक ही सीमित रहेगा। एक भरोसेमंद रेल लिंक धार्मिक टूरिज्म को ऐसी चीज में बदलने में मदद कर सकता है जिससे होटलों, ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों, छोटे व्यवसायों और स्थानीय रोजगार को फायदा हो। इससे भी जरूरी बात यह है कि इस लाइन के पीछे एक रणनीतिक वजह भी है। गुरदासपुर इलाका अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास है, और एक अतिरिक्त रेलवे कॉरिडोर आपातकालीन स्थिति में मौजूदा अमृतसर-पठानकोट सेक्शन के लिए एक वैकल्पिक रास्ता दे सकता है। ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर जो आम लोगों और रणनीतिक, दोनों मकसदों को पूरा करता हो, असल में वही लंबे समय का निवेश है जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। लेकिन पंजाब को इस प्रोजेक्ट को एक और राजनीतिक उपलब्धि (ट्रॉफी) में बदलने के लालच से बचना चाहिए। रेलवे लाइन असल में उन लोगों की है जो इसका इस्तेमाल करेंगे—न कि उस नेता की जो इसकी घोषणा करता है या उस सरकार की जो इसे मंजूरी देती है। इस बात पर होड़ मचेगी कि इसका श्रेय किसे मिलना चाहिए। ये बहसें भले ही अच्छी राजनीतिक नौटंकी लगें, लेकिन उस किसान के लिए इनका कोई मतलब नहीं है जो अपनी उपज बाजार भेजना चाहता है, या उस परिवार के लिए जो अमृतसर तक जल्दी पहुँचना चाहता है। अब जो मायने रखता है, वह है काम को पूरा करना, समय-सीमा और जवाबदेही। ₹1,419 करोड़ की मंजूरी एक शुरूआत है, अपने आप में कोई उपलब्धि नहीं। असली उपलब्धि तब होगी जब पहली ट्रेन कादियान से ब्यास के लिए रवाना होगी—और जब रेलवे लाइन वह काम करने लगेगी जो अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर को करना चाहिए: दूरियाँ कम करना, लागत घटाना और आर्थिक मौके बढ़ाना। माझा के लिए, यह वाकई विकास की एक नई राह हो सकती है। लेकिन पंजाब ने कड़वे अनुभव से यह सीखा है कि मंजूरी मिले प्रोजेक्ट और असल में चालू होने वाले प्रोजेक्ट के बीच रेलवे का सबसे लंबा सफर तय करना पड़ता है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

# पारस हेल्थ पंचकूला में जीवनदान के लिए 100 लोगों ने ली अंगदान की शपथ

पंचकूला/यूटर्न/16/अगस्त। विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर पारस हेल्थ पंचकूला में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों, प्रत्यारोपण विशेषज्ञों, गणमान्य नागरिकों, मरीजों और आम लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 100 लोगों ने अंगदान करने की शपथ लेकर जरूरतमंद मरीजों को जीवन की नई उम्मीद देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सुरिंदर दूदी, एसीपी, ट्रैफिक पुलिस, पंचकूला उपस्थित रहे। वहीं डॉ. (कर्नल) अनुराग गर्ग, चीफ ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर, कमांड हॉस्पिटल और श्रीमती प्रियंका पुनिया, शिक्षाविद् एवं प्रेरक वक्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।





इस अवसर पर डॉ. पंकज मित्तल, फैसिलिटी डायरेक्टर, पारस हेल्थ ने कहा कि अंगदान एक ऐसा महान कार्य है, जो किसी व्यक्ति के साथ-साथ उसके पूरे परिवार को नई जिंदगी की उम्मीद दे सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्यारोपण चिकित्सा में लगातार प्रगति हो रही है, लेकिन जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयुक्त अंगों की उपलब्धता आज भी बड़ी चुनौती है। लोगों की जागरूकता और भागीदारी से इस अंतर को कम किया जा सकता है।

प्रो. (ग्रुप कैप्टन) डॉ. सुमेश कायस्था, डायरेक्टर-लिवर ट्रांसप्लांट, जीआई सर्जरी एवं रोबोटिक्स ने बताया कि सफल अंग प्रत्यारोपण के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटरों, नर्सिंग और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है।

# महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में देशभक्ति के रंग में मना स्वतंत्रता दिवस

चंडीगढ़/यूटर्न/16/अगस्त महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, एमडीएवी भवन, दरिया, चंडीगढ़ में 80वें स्वतंत्रता दिवस का समारोह देशभक्ति, उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय की सिल्वर जुबली वर्षगांठ का भी भव्य आगाज हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सरिता मेहता, प्रसिद्ध कलाकार, कवयित्री, इतिहासकार एवं भाषाविद् थीं।





इस अवसर पर बिमला दुबे, पार्षद, नगर निगम चंडीगढ़ तथा अनिल दुबे, पूर्व डिप्टी मेयर, चंडीगढ़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। तीनों अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से पौधे भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्र गान गाया गया। इसके बाद विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का उच्चारण किया तथा वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी। विद्यालय का परिचय प्रस्तुत किया गया और प्रिंसिपल डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने अतिथियों का सम्मान किया।



# अटारी बॉर्डर का एसएसपी कनवलप्रीत सिंह चहल ने किया दौरा

आर. के. उप्पल/अमृतसर! यू टर्न!16 अगस्त! एसएसपी अमृतसर ग्रामीण कनवलप्रीत सिंह चहल ने आज अटारी बॉर्डर का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ डीएसपी अटारी श्री यदविंदर सिंह तथा अटारी बॉर्डर के प्रोटोकॉल अधिकारी श्री अरुण महल मौजूद रहे। अधिकारियों ने बॉर्डर क्षेत्र की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# पंजाब में किसान आंदोलन की सुगबुगाहट तेज, भाकियू डकौंदा का 1 सितंबर से चंडीगढ़ में पक्के मोर्चे का ऐलान

## चंडीगढ़ चलो मार्च की तैयारी शुरू, सरकार से फसलों पर एमएसपी और कर्ज मुक्ति की उठी मांग

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/अगस्त। पंजाब में किसानों और मजदूरों के तेवर एक बार फिर तीखे होने लगे हैं। गुरद्वारा छठी पाशाही श्री गुरु हरगोबिंद साहिब, गुरसर कौंके में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) डकौंदा की ब्लॉक बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष मोहिंदर सिंह कुमालपुरा और ब्लॉक अध्यक्ष हरचंद सिंह ढोलण की अगुवाई में हुई इस बैठक में आगामी बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई।



किसानों ने ऐलान किया है कि अपनी जायज और हक की मांगों को मनवाने के लिए 1 सितंबर से 7 सितंबर तक पूरे पंजाब से किसान चंडीगढ़ में बड़ा धरना देंगे। बैठक में नेताओं ने पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र की नीतियों पर चल रही है और किसानों की मांगों को नजरअंदाज कर रही है। किसानों ने मांग की है कि पंजाब के दरियाई पानी की रॉयल्टी और भाखड़ा बियास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) में पंजाब की उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए तुरंत विधानसभा में प्रस्ताव पास कर केंद्र सरकार को भेजा जाए।

यूटर्न टाइम

# 78वीं स्वतंत्रता दिवस पर सी.पी.आई (एम) के तहसील दफ्तर में फहराया तिरंगा

## शहीदों के सपनों का भारत और बढ़ती चुनौतियां

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/16/अगस्त। देश की 78वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक विशेष सभा में वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। इस गरिमापूर्ण समारोह के दौरान, सीपीएम के तहसील दफ्तर में कामरेड भरपुर सिंह भूमिपुरा ने तिरंगा झंडे को सम्मानपूर्वक फहराया, जो देश के गौरव और स्वतंत्रता संघर्ष की यादों को ताजा कर गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने देश की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भी गरीबों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है और आम जनमानस बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सिद्धवां बेट बहुउद्देशीय सहकारी समिति में हुआ ध्वजारोहण

## देश के महान शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, एकता और अखंडता का दिया गया संदेश

-चरणजीत सिंह चन्न-




जगरांव/यूटर्न/16/अगस्त। सिद्धवां बेट बहुउद्देशीय सहकारी समिति, सिद्धवां बेट में स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस गरिमामयी समारोह के दौरान समिति के अध्यक्ष परमिट सिंह सिद्धू द्वारा तिरंगा फहराने की रस्म को पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ निभाया गया।

इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले महान अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करना था। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को निरंतर बनाए रखने का दृढ़ संदेश दिया। समारोह में समिति और क्षेत्र के कई प्रमुख पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष सम्मान

जगरांव/यूटर्न/16/अगस्त। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाएं देने वाले दो विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।






इस विशेष आयोजन में राजन झाँसी को उनकी बेहतरीन और सराहनीय सेवाओं के लिए हल्का विधायक सरबजीत कौर माणूंके, सुखविंदर सिंह सुक्खी और नगर परिषद जगरांव के प्रधान कंवरपाल सिंह व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, थाना सुधार के एस.एच.ओ के रीडर परमिंदर सिंह को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के चलते ए.डी.सी. मनजीत सिंह चीमा, सुखविंदर सिंह सुक्खी, डी.एस.पी. जसविंदर सिंह ढींडसा एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

# पीएम श्री और मॉडल संस्कृति विद्यालयों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

पंचकूला /यूटर्न/16 अगस्त। हरियाणा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हांसी में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ पीएम श्री और मॉडल संस्कृति विद्यालयों को सम्मानित किया। पीएम श्री विद्यालयों की श्रेणी में पीएम श्री जीएसएसएस गंगवा, हिसार को प्रथम, पीएम श्री जीएसएसएस चक्करपुर, गुरुग्राम को द्वितीय और पीएम श्री जीएसएसएस पाल्हावास, रेवाड़ी को तृतीय स्थान मिला। मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में जीएमएसएसएसएस शहजादपुर, अंबाला को प्रथम, जीएमएसएसएसएस बबैन, कुरुक्षेत्र को द्वितीय और जीएमएसएसएसएस हांसी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम श्री योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को आधुनिक और उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों के रूप में विकसित करना है।

# जैस्मिन भसीन की गई याददाश्त



खतरों के खिलाड़ी 15 इन दिनों अपने खतरनाक स्टंट्स और उनसे जुड़े विवादों को लेकर सुर्खियां बटोर रहा है। मुश्किल टास्क के लिए मशहूर इस रियलिटी शो में हाल ही में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। बिग बॉस 14 से अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री जैस्मिन भसीन इस सीजन का हिस्सा हैं और हाल ही में उन्हें एक खतरनाक पानी का स्टंट करते हुए देखा गया। इस स्टंट के दौरान जैस्मिन अचानक पानी में गिर गईं, जिसके बाद उनकी हालत देखकर सेट पर मौजूद पूरी सेफ्टी टीम घबरा गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हादसे के बाद जैस्मिन को कुछ समय के लिए कुछ भी याद नहीं रहा, जिससे उनके फैंस भी चिंता में पड़ गए। हालांकि फैंस के मन में सवाल उठ रहे थे कि क्या यह सिर्फ प्रोमो का हिस्सा था या सचमुच हादसा हुआ, लेकिन रिपोर्ट्स ने पुष्टि की है कि यह कोई प्रैंक नहीं था। पानी में गिरने के बाद जैस्मिन को सच में याददाश्त से जुड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टंट खत्म होने के बाद उन्हें यह तक याद नहीं था कि अभी-अभी उनके साथ क्या हुआ है। इस घटना से सेट पर मौजूद सभी लोग तनाव में आ गए।

# चंडीगढ़ रॉयल सिटी मनी लॉन्ड्रिंग केस.. 47.89 करोड़ के मामले में परवीन कांसल की जमानत खारिज

## ईडी का दावा- कंपनी से इस्तीफे के बाद भी था प्रभावी नियंत्रण

मोहाली/यूटर्न/16 अगस्त। चंडीगढ़ रॉयल सिटी प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड (सीआरसीपीपीएल) से जुड़े करीब 47.89 करोड़ रुपये के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी परवीन कंसल की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने माना कि रिकॉर्ड पर आरोपी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप और दस्तावेजी सामग्री मौजूद है और वह पीएमएलए की धारा 45 में निर्धारित जमानत की कसौटी पूरी नहीं कर सके। अदालत ने धन की कथित रूटिंग और सिफोनिंग के अलावा साक्ष्यों से छेड़छाड़ और आरोपी के फरार होने की आशंका को भी ध्यान में रखा।

ईडी के अनुसार सीआरसीपीपीएल को परवीन कांसल और नीरज कांसल ने स्थापित किया था। कंपनी को डेराबस्सी क्षेत्र में रिहायशी परियोजना विकसित करने का लाइसेंस मिला था। जांच एजेंसी का आरोप है कि कंपनी पर गमाडा की ईडीसी, लाइसेंस फीस और अन्य वैधानिक देनदारियां थीं। कंपनी के बैंक खातों पर कार्रवाई के बाद कथित तौर पर इसी नाम से कर्मचारी सुमित बंसल के नाम पर एक प्रोपराइटरशिप फर्म बनाई गई और उसके बैंक खातों का इस्तेमाल प्रोजेक्ट व ग्राहकों से संबंधित धन के लेनदेन में किया गया।



### 10.97 करोड़ की संपत्ति फ्रीज करने का दावा

*ईडी ने अदालत को बताया कि मई-जून 2026 में की गई तलाशी के दौरान नकदी, वाहन, आभूषण, डिजिटल उपकरण और दस्तावेज बरामद किए गए। एजेंसी के मुताबिक करीब 10.97 करोड़ रुपये की संपत्ति फ्रीज की गई, जिसमें लगभग 7.92 करोड़ रुपये के बैंक बैलेंस शामिल हैं। जांच में विभिन्न कंपनियों, कथित प्रॉक्सी फर्म और परिवार से जुड़ी संस्थाओं के बीच करोड़ों रुपये के लेनदेन सामने आने का भी दावा किया गया।*

### बचाव पक्ष ने कहा- 2016 में छोड़ दिया था निदेशक पद

परवीन कांसल की ओर से अदालत में दलील दी गई कि उन्होंने 12 दिसंबर 2016 को सीआरसीपीपीएल के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था। बचाव पक्ष ने कहा कि जिन लेनदेन और कथित अपराधों को मनी लॉन्ड्रिंग से जोड़ा जा रहा है, वे मुख्य रूप से 2019 के बाद के हैं। इसलिए उस समय कंपनी के निदेशक नहीं होने के कारण उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि कंपनी में उनकी हिस्सेदारी करीब 9.47 प्रतिशत थी और गमाडा से संबंधित विवाद का मामला हाईकोर्ट में लंबित है। बचाव पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध साबित करने के लिए पहले अपराध से हासिल 'प्रोसीड्स ऑफ क्राइम' का अस्तित्व और आरोपी का उससे संबंध स्थापित होना जरूरी है। उसके अनुसार परवीन कांसल के खिलाफ ऐसी कोई विशिष्ट रकम या संपत्ति नहीं बताई गई, जिसे उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर अपराध की कमाई के रूप में हासिल किया हो।

**ईडी बोला- इस्तीफा देने के बाद भी कंपनी पर था नियंत्रण....**ईडी ने इन दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि महज निदेशक पद से इस्तीफा देने से व्यक्ति की वास्तविक भूमिका खत्म नहीं हो जाती। एजेंसी के अनुसार परवीन कांसल कंपनी के संस्थापक-प्रमोटर, शेयरधारक और लाभकारी नियंत्रक बने रहे और कर्मचारियों व औपचारिक निदेशकों को निर्देश देने और फंड के कथित ट्रांसफर में उनकी भूमिका सामने आई।

# सैकड़ों युवाओं ने थामा भाजपा का दामन, मोहित जंड और भानू समर्थकों समेत पार्टी में शामिल

## केवल सिंह ढिल्लों ने पटका पहनाकर किया भाजपा में शामिल युवाओं का स्वागत

मोहाली /यूटर्न/16 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की नीतियों से प्रभावित होकर रविवार को न्यू चंडीगढ़ में सैकड़ों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता फतेहजंग सिंह बाजवा के नेतृत्व में मुल्लांपुर क्षेत्र के पंच मोहित जंड और भानू अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा पंजाब प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने पार्टी में शामिल हुए सभी युवाओं का गले में भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें पार्टी में शामिल होने पर बधाई दी। इस दौरान भाजपा नेताओं ने युवाओं से पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का आह्वान किया।



इस अवसर पर केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि आज का युवा भाजपा की विचारधारा और नीतियों से प्रभावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को ऐसे ऊर्जावान युवाओं की जरूरत है, जो नई सोच के साथ संगठन और समाज को आगे बढ़ाने में योगदान दें। केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी और विकास कार्यों के कारण देशभर में विभिन्न दलों के नेता और कार्यकर्ता भाजपा से जुड़ रहे हैं। यह भाजपा की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है और देश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। भाजपा में शामिल हुए मोहित जंड और भानू ने कहा कि वे आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। पार्टी नेतृत्व की ओर से उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसे वे पूरी तनदेही और ईमानदारी से निभाएंगे। मोहित जंड ने कहा कि पंजाब में मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और नशे जैसी समस्याएं गंभीर बनी हुई हैं।

# जीएसटी कानून की धारा 16(2) (C) पर सुप्रीम कोर्ट की दो-टूकः विक्रेता ने टैक्स नहीं जमा किया तो खरीदार को नहीं मिलेगा ITC

करण चावला (एडवोकेट, लुधियाना)



मुख्य बिंदु : संवैधानिकता बरकरारः सुप्रीम कोर्ट ने सीजीएसटी एक्ट (CGST Act), 2017 की धारा 16(2)(c) की संवैधानिक वैधता को पूरी तरह सही ठहराया है। **रियायत है, अधिकार नहींः** इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) कोई मौलिक या जन्मसिद्ध अधिकार नहीं, बल्कि संसद द्वारा दी गई एक 'शर्तिया रियायत' (Statutory Concession) है। पुराने वैट (VAT) कानून के तर्क खारिजः जीएसटी एक डेस्टिनेशन-आधारित व्यवस्था है, इसलिए पुराने वैट फैसलों की समानता पर राहत नहीं दी जा सकती।

**खरीदार पर जिम्मेदारीः** यदि सप्लायर ने सरकार को टैक्स जमा नहीं किया, तो खरीदार को लिया गया क्ळड ब्याज सहित वापस (Reverse) करना होगा। **मामले की पृष्ठभूमि एवं करदाताओं की दलीलेंः** जीएसटी व्यवस्था के तहत धारा 16(2)(c) यह अनिवार्य बनाती है कि खरीदार को क्ळड तभी मिलेगा जब विक्रेता ने उस माल/सेवा पर वसूला गया टैक्स वास्तव में सरकारी खजाने में जमा करा दिया हो। करदाताओं और याचिकाकताओं (जैसे भंडारी स्क्रैप ट्रेडर्स व मारुति एंटरप्राइज) ने गुजरात हाई कोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह चुनौती दी थी किः **असंभव का सिद्धांत :** खरीदार ने माल प्राप्त कर लिया, वैध टैक्स इनवॉइस है, बैंक के जरिए टैक्स सहित पूरा भुगतान किया और पोर्टल में बिल दिखा। खरीदार के पास यह जांचने का कोई कानूनी तंत्र नहीं है कि विक्रेता ने रिटर्न में टैक्स भरा या नहीं। समानता का उल्लंघन (अनुच्छेद 14 व 19(1)(g)): बेईमान सप्लायर की गलती की सजा एक ईमानदार खरीदार को देना मनमाना और असंवैधानिक है।

**पूर्व अदालती फैसलेः** दिल्ली हाई कोर्ट के चर्चित फैसले और त्रिपुरा हाई कोर्ट के फैसले का हवाला दिया गया, जहाँ अदालत ने वास्तविक खरीदारों के हित में कानून को सीमित किया था। गुजरात हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का निर्णय व विश्लेषण गुजरात हाई कोर्ट की खंडपीठ ने याचिकाओं को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि धारा 16(2) (c) न तो असंवैधानिक है और न ही इसे 'र्फीं ऊ्ङ्ग्दल्ल' करने की आवश्यकता है। इस फैसले के खिलाफ दायर विशेष अनुमति याचिका को जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की पीठ ने खारिज कर दियाः सुप्रीम कोर्ट का रुखः पुराने दिल्ली वैट कानून और जीएसटी व्यवस्था के बीच स्पष्ट अंतर है। जीएसटी के अंतर्गत आईटीसी का ढांचा अंतर-राज्यीय टैक्स ट्रांसफर (धारा 53) और टैक्स प्राप्ति पर टिका हुआ है। जब तक सरकारी खजाने में टैक्स नहीं पहुंचेगा, तब तक क्रेडिट का दावा नहीं किया जा सकता। अतः धारा 16(2)(c) पूरी तरह न्यायसंगत व संवैधानिक है। **अदालत द्वारा रेखांकित किए गए 4 मुख्य कानूनी आधारः** जीएसटी और वैट का अंतरः पुराने वैट में टैक्स एक ही राज्य तक सीमित था, जबकि जीएसटी में डेस्टिनेशन राज्य को आईजीएसटी मैकेनिज्म से फंड ट्रांसफर करना होता है। अगर मूल विक्रेता ने टैक्स नहीं दिया और खरीदार को क्रेडिट दे दिया जाए, तो सरकारों को भारी वित्तीय नुकसान होगा। सबूत का भार (धारा 155): कानूनन आईटीसी की पात्रता साबित करने की जिम्मेदारी पूरी तरह से दावा करने वाले करदाता पर है। दोहरा कराधान नहीं : धारा 41(2) और नियम 37अ यह प्रावधान करते हैं कि यदि विक्रेता बाद में टैक्स जमा करवा देता है या विभाग उससे वसूली कर लेता है, तो खरीदार उस आईटीसी को दोबारा क्लेम कर सकता है। व्यावसायिक सतर्कताः व्यापारी अपने आपसी अनुबंधों ( में क्षतिपूर्ति खंड शामिल करके विक्रेता के डिफॉल्ट से होने वाले नुकसान की भरपाई का रास्ता निकाल सकते हैं।

**वर्तमान स्थिति : अंतिम कानूनी स्थितिः** सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसएलपी खारिज किए जाने के बाद अब यह स्थापित कानून है कि सप्लायर द्वारा GSTR-3B में टैक्स न भरने की स्थिति में खरीदार को क्ळड का अधिकार नहीं मिलेगा। त्रिपुरा हाई कोर्ट द्वारा दिया गया उदारवादी दृष्टिकोण अब सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद मान्य नहीं रहा। यदि करदाता को धारा 16(2)(c) के तहत नोटिस मिलता है, तो उसे संबंधित राशि 18% वार्षिक ब्याज के साथ जमा/रिवर्स करनी होगी, जिसे सप्लायर द्वारा टैक्स जमा कराने के बाद ही पुनः क्लेम किया जा सकेगा। उद्योग जगत और व्यापारियों के लिए आवश्यक सुझावः सप्लायर की नियमित पड़ताल : केवल GSTR-2B में बिल दिखना काफी नहीं है; यह भी सुनिश्चित करें कि विक्रेता ने समय पर अपना GSTR-3B फाइल कर टैक्स चुकाया है। सख्त अनुबंध सप्लायर्स के साथ एग्रीमेंट में यह शर्त अनिवार्य रूप से जोड़ें कि टैक्स डिफॉल्ट होने पर होने वाले नुकसान, ब्याज और पेनल्टी की वसूली सप्लायर के बकाए से की जाएगी। नियम 37अ का अनुपालनः वित्तीय वर्ष खत्म होने के बाद 30 सितंबर तक यदि सप्लायर टैक्स नहीं भरता, तो 30 नवंबर से पहले अनिवार्य रूप से क्ळड रिवर्स करें ताकि अत्यधिक ब्याज के बोझ से बचा जा सके।

# तिरंगे के रंग में सजा रेल विहार, RPF की शानदार परेड ने बढ़ाया स्वतंत्रता दिवस का गौरव

आर. के. उप्पल

अमृतसर, यू टर्न 16 अगस्त। उत्तर रेलवे के अम्बाला मंडल में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर, रेल विहार, अम्बाला कैंट में आयोजित हुआ। मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के साथ पूरा परिसर देशभक्ति के वातावरण से गूंज उठा।



**RPF जवानों ने दिखाया अनुशासन और जोश...** ध्वजारोहण के बाद रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की टुकड़ियों ने शानदार परेड प्रस्तुत की। मंडल रेल प्रबंधक ने परेड का निरीक्षण कर जवानों की सलामी ली। जवानों के अनुशासन और उत्कृष्ट तालमेल ने सभी का मन मोह लिया।

**'हर घर तिरंगा' से मजबूत हुआ राष्ट्रप्रेम...** 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के तहत मंडल में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया।

**विकास कार्यों और उपलब्धियों का ब्यौरा...** विनोद भाटिया ने मंडल की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, रेल सुरक्षा और समयबद्ध संचालन के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कर्मचारियों से बेहतर सेवाएं देने का आह्वान किया।

**देशभक्ति प्रस्तुतियों ने बांधा समां...** मंडल सांस्कृतिक संगठन तथा स्काउट-गाइड के बच्चों ने देशभक्ति गीतों और प्रस्तुतियों से माहौल को भावपूर्ण बना दिया। उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को सामूहिक पुरस्कार दिए गए। समारोह के अंत में नवनिर्मित रेलवे स्टेडियम 'तरंग' का औपचारिक अनावरण किया गया।

## वाघा बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला

आर. के. उप्पल



अमृतसर/यू टर्न /16 अगस्त! वाघा बॉर्डर पर आयोजित होने वाली रिट्रीट सेरेमनी परेड का समय आज, 16 अगस्त 2026 से बदल दिया गया है। अब परेड शाम 6:00 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित होगी। उक्त जानकारी अटारी बॉर्डर, अमृतसर के प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण महल ने दी।

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा रहे मुख्य अतिथि, स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां बनीं आकर्षण का केंद्र



जीरकपुर/, यू टर्न 16 अगस्त। नगर परिषद जीरकपुर कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। समारोह में डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनकी मौजूदगी में नगर परिषद प्रधान गुरप्रीत सिंह विर्क ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि देश की आजादी महान देशभक्तों और शहीदों की अनगिनत कुर्बानियों की देन है। उन्होंने शहरवासियों से शहीदों के सपनों का खुशहाल, हराभरा और प्रगतिशील भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। समारोह में विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नुक्कड़ नाटक, भंगड़ा, गिद्धा और बोलियों सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस मौके नगर परिषद के सीनियर उपप्रधान गुरविंदर सिंह, उपप्रधान जशनप्रीत कौर, पार्षद, वार्ड इंचार्ज, विभिन्न गांवों के पंच-सरपंच, परिषद अधिकारी व कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। समारोह के अंत में विधायक कुलजीत सिंह रंधावा, बेहतर प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाली शख्सियतों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# दो महीने से लापता 20 वर्षीय लड़की की तलाश में दर-दर भटक रहा परिवार, पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल

### पुलिस ने कहा—मामला दर्ज कर लड़की की तलाश में कार्रवाई जारी



जीरकपुर, यूटर्न 16 अगस्त। जीरकपुर के नाभा-पभात रोड पर रहने वाले एक गरीब परिवार की 20 वर्षीय लड़की पिछले करीब दो महीने से लापता है। लड़की के लापता होने के बाद परिवार ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिवार के मुताबिक, लड़की 22 जून 2026 को अचानक लापता हो गई थी। काफी तलाश के बाद जब परिवार ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो कथित तौर पर एक कार सवार व्यक्ति लड़की को अपनी गाड़ी में बैठाकर ले जाता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद परिवार ने जीरकपुर पुलिस से संपर्क कर लड़की के अपहरण की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज करवाई।

परिवार का आरोप है कि शिकायत के करीब एक सप्ताह बाद पुलिस की ओर से मामला दर्ज किया गया। अब लड़की को लापता हुए लगभग दो महीने होने वाले हैं, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। परिवार का कहना है कि वे इस मामले को लेकर कई बार जीरकपुर थाने के चक्कर लगा चुके हैं और मोहाली के एसएसपी के पास भी अपनी गुहार लेकर पहुंचे हैं, लेकिन उन्हें लड़की की तलाश को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं मिल रही।

लड़की के माता-पिता ने रोते हुए अपना दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि उन्हें हर समय यह चिंता सताती रहती है कि उनकी बेटी कहां है, किस हालत में है और उसके साथ क्या हुआ है। परिवार को यह भी डर है कि कहीं लड़की के साथ कोई अनहोनी तो नहीं हुई। बेटी की कोई खबर न मिलने के कारण परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिवार ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज समेत सभी तथ्यों की बारीकी से जांच की जाए और लड़की को जल्द से जल्द बरामद किया जाए। परिवार का कहना है कि जब तक उनकी बेटी सकुशल घर वापस नहीं लौटती, उनकी चिंता खत्म नहीं होगी। वहीं, इस मामले को लेकर जब जीरकपुर थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पुलिस ने लड़की के अपहरण के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और लड़की की तलाश के लिए कार्रवाई लगातार जारी है।

## मॉडल टाउन के चैरीटेबल अस्पताल में नए ICU की छत से टपके लगा पानी, मरीज का बेड पर लेटना हुआ मुश्किल

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। मॉडल टाउन के एक प्राइवेट चैरीटेबल अस्पताल में फर्नीचर के खस्ताहाल होने का मामला सामने आया है। मरीज के रिश्तेदार द्वारा अस्पताल में नए बने आईसीयू की छत से पानी गिरने के आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार हालात यह है कि सारा पानी छत से टपककर मरीज के बेड पर गिर रहा है। जिस कारण मरीज को लेटना तक मुश्किल हो चुका है। उन्होंने इस संबंध में कई बार अस्पताल स्टॉफ और मैनेजमेंट को शिकायत की। लेकिन उनकी तरफ से कोई सुनवाई नहीं की गई। मरीज के रिश्तेदार द्वारा उक्त वीडियो को सोशल मीडिया पर भी सांझा किया गया है। हालांकि इस संबंध में अस्पताल की प्रबंधक कमेटी के सदस्यों का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। इस संबंध में टीम को मौके पर भेजा गया है। ट्वंकल बजाज ने आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह बारिश के बाद आईसीयू की छत से पानी सीधा उनकी बहन के बेड पर गिर रहा था।

# अजय मित्तल ने जिले वासियों को 80वां स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी

पंचकूला, यू टर्न 16 अगस्त। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने 15 अगस्त को जिला मुख्यालय 'पंचकमल' में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष लतिका शर्मा, पूर्व स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, वाइस चेयरमैन नरेश सेन, कार्यालय सचिव संजीव शर्मा सहित तमाम जनप्रतिनिधि, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने सभी



जिलावासियों को 80वां स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता के भाव के साथ भाजपा आजादी के पर्व को धूम धाम से मनाती है और इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा यात्रा, शहीदों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान, पुष्पांजलि जैसे कार्यक्रमों का आयोजन जिले के सभी मंडलों में किया जा रहा है।

यूटर्न टाइम

# पीएसआईईसी प्लॉट आवंटन मामले में ED को बड़ी कामयाबी, अब फिलिप्स की 25 एकड़ जमीन की ओर भी बढ़ सकती है जांच

चंडीगढ़, यूटर्न 16 अगस्त। पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम (पीएसआईईसी) में औद्योगिक प्लॉटों के कथित गलत आवंटन से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ताजा कार्रवाई ने पुराने जमीन मामलों की फाइलों को भी दोबारा चर्चा में ला दिया है। प्रवर्तन निदेशालय के जालंधर क्षेत्रीय कार्यालय ने 4 से 6 अगस्त के बीच चंडीगढ़, अमृतसर, गुरदासपुर और लुधियाना में 11 परिसरों पर तलाशी ली, जबकि पीएसआईईसी कार्यालय में भी सर्वे किया गया। एजेंसी के अनुसार 12.15 लाख रुपये की कथित बेहिसाबी नकदी बरामद की गई, जबकि पूर्व मुख्य महाप्रबंधक सुरिंदर पाल सिंह और पूर्व महाप्रबंधक जसविंदर सिंह रंधावा से जुड़े बैंक खातों में करीब 4.01 करोड़ रुपये की राशि रोक दी गई। इस कार्रवाई के बाद मोहाली के चर्चित *फिलिप्स-सिग्निफाई-गुलमोहर 25 एकड़ जमीन प्रकरण* पर भी नजरें टिक गई हैं।

इसकी सबसे अहम वजह एक समान नाम है— *सुरिंदर पाल सिंह*। मौजूदा प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई में उनका नाम सामने आया है, जबकि पुराने फिलिप्स जमीन मामले में भी वह पीएसआईईसी की उस समिति से जुड़े थे, जिसके सामने करीब 25 एकड़ औद्योगिक जमीन को 125 छोटे प्लॉटों में बांटने का प्रस्ताव आया था।

रिकॉर्ड के अनुसार यह जमीन सिग्निफाई इनोवेशंस से गुलमोहर टाउनशिप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पास पहुंची और मार्च 2021 में इसके विभाजन की प्रक्रिया आगे बढ़ी। बाद में पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने जनवरी 2023 में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी।

हालांकि एक महत्वपूर्ण कानूनी तथ्य यह भी है कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर 2024 को फिलिप्स-गुलमोहर से जुड़ी प्राथमिकी रद्द कर दी थी। अदालत ने उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर कहा था कि जमीन का विभाजन वर्ष 2005 की लागू नीति के तहत किया गया था और समिति सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मंशा स्थापित नहीं होती। इसलिए पुराने मामले को सिद्ध घोटाला कहना उचित नहीं होगा।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रवर्तन निदेशालय को मिले दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड क्या केवल मौजूदा प्लॉट आवंटन मामले तक सीमित रहेंगे या जांच एजेंसी पीएसआईईसी के पुराने आवंटन, हस्तांतरण और जमीन विभाजन मामलों की भी परतें खोलेगी। दोनों मामलों में सुरिंदर पाल सिंह का नाम आने से फिलिप्स की 25 एकड़ जमीन से जुड़े पुराने रिकॉर्ड तक जांच पहुंचने की संभावना जरूर बनती है। हालांकि फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय ने फिलिप्स, सिग्निफाई इनोवेशंस या गुलमोहर टाउनशिप का नाम अपनी मौजूदा कार्रवाई में आधिकारिक रूप से नहीं लिया है।

> हालांकि एक महत्वपूर्ण कानूनी तथ्य यह भी है कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर 2024 को फिलिप्स-गुलमोहर से जुड़ी प्राथमिकी रद्द कर दी थी। अदालत ने उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर कहा था कि जमीन का विभाजन वर्ष 2005 की लागू नीति के तहत किया गया था और समिति सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मंशा स्थापित नहीं होती। इसलिए पुराने मामले को सिद्ध घोटाला कहना उचित नहीं होगा।

## समाज सेवा की मिसाल बन चुके हैं लायन गुरदीप सिंह कंगः डॉ. राजकुमार चब्बेवाल




शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/16 अगस्त। लायंस क्लब फगवाड़ा प्राइड की ओर से 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 99वां मासिक राशन वितरण समारोह कंग इंटरप्राइजिज, सेंट्रल टाउन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम क्लब के चार्टर प्रधान एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन (यूथ) लायन गुरदीप सिंह कंग एम.जे.एफ. के नेतृत्व में हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजकुमार चब्बेवाल ने 25 जरूरतमंद महिलाओं को राशन वितरित किया। उन्होंने कहा कि लायन गुरदीप सिंह कंग समाज सेवा के क्षेत्र में मिसाल बन चुके हैं और जरूरतमंद परिवारों की निरंतर सेवा करना सबसे बड़ा मानव धर्म है।

विशेष अतिथि डिप्टी मेयर विक्की सूद, चंद्र शेखर खुल्लर, बब्बू मनीला, धर्मपाल निशचल और लायन एस.पी. बसरा ने भी क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की। लायन गुरदीप सिंह कंग ने बताया कि क्लब पिछले 99 महीनों से लगातार राशन वितरण कर रहा है। इसके साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और मानवता की भलाई से जुड़े अन्य प्रोजेक्ट भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने सहयोग के लिए बाबा बालक नाथ सेवा समिति, एनआरआई सुखदेव राज मनीला और राणा कुलथमिया का आभार जताया। मंच संचालन लायन सुशील शर्मा ने किया।

## खन्ना में चन्नी के साथ रंधावा ने कहा - 2027 जीतने के लिए परिवारवाद जरूरी है

चंडीगढ़/यूटर्न/16 अगस्त। कांग्रेस की एकजुटता का एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जब वरिष्ठ नेता इस्सरू में एक बात पर जोर-शोर से सहमत हुए—कि वे अपनी ही राज्य पार्टी प्रमुख की बात से पूरी तरह असहमत हैं। स्थानीय नेता गुरकीरत सिंह कोटली के लिए आयोजित इस राजनीतिक कार्यक्रम में पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और गुरदासपुर के सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा की जोड़ी शामिल हुई। खास बात यह थी कि इस कार्यक्रम में PPCC अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग मौजूद नहीं थे, जिनकी मशहूर "एक परिवार, एक टिकट" नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गईं और सार्वजनिक रूप से उसका विरोध किया गया।

राजनीतिक परिवारवाद की पुरानी परंपरा का बचाव करते हुए रंधावा ने वडिंग के सुधारवादी सपनों पर सीधा निशाना साधा।



जहां वडिंग का मानना है कि टिकट बंटवारे में सीमाएं तय करने और नए चेहरों को मौका देने जैसे विचार होने चाहिए, वहीं रंधावा ने साफ किया कि लोकतंत्र की असली पहचान तो राजनीतिक पदों पर कब्जा जमाए रखना है। रंधावा ने जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, अगर एक ही परिवार के लोग चुनाव जीतने की काबिलियत रखते हैं, तो उन्हें सिर्फ.दो ही नहीं, बल्कि चार टिकट भी दिए जा सकते हैं! कहीं न कहीं, देश भर के राजनीतिक परिवारों की आंखों में प्रेरणा के आंसू आ गए होंगे। आखिर चार पर ही क्यों रुकें? अगर घर का कुत्ता भी जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ दिखाता है, तो उसे ब्लॉक समिति के चुनाव में खड़ा कर देना चाहिए। काबिलियत अच्छी चीज है, लेकिन परिवार के भीतर ही पद बनाए रखने से प्रचार सामग्री की छपाई का खर्च बचता है।दूरदर्शी राजनेता के तौर पर पीछे न रहते हुए, चन्नी ने भी माइक संभाला और आपसी तालमेल का संदेश दिया। वडिंग कहीं नजर नहीं आ रहे थे और रंधावा खुलेआम पार्टी अध्यक्ष की नीति को खारिज कर रहे थे, फिर भी चन्नी ने बड़ी आसानी से भीड़ को भरोसा दिलाया कि पंजाब कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। उनकी जबरदस्त और अचूक रणनीति? 2027 में पंजाब जीतकर राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना—बशर्ते वे मंच पर ही एक-दूसरे को न हरा बैठें।

## महिलाओं ने गिद्दा, झूले और मेहंदी का लिया आनंद, भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू ने दी शुभकामनाएं

लालड़ू/यूटर्न/16 अगस्त। लालरू सर्कल के गांव कुरली स्थित रविदास धर्मशाला में हरियाली तीज का त्योहार उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू ने विशेष रूप से शिरकत की और क्षेत्रवासियों को तीज की शुभकामनाएं दीं। मनप्रीत सिंह बन्नी संधू ने कहा कि तीज हमारी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा पर्व है, जो आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपनी विरासत और पारंपरिक त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने की अपील की।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372